# आयड़ नदी में कब्जों को देख कटारिया ने जताई नाराजगी

उदयपुर, (कासं)। असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने सोमवार को आयड नदी में अशोक नगर वाली साईड पर स्थित मकान मालिकों द्वारा नदी में किए गए कब्जों को हटाने के बजाए स्मार्ट सिटी द्वारा नदी पेटे में दीवार बनाने पर नाराजगी जताई।

कटारिया ने स्मार्ट सिटी के सीईओ प्रदीप सिंह सांगावत को कहा कि इन कब्जों को क्यों छोड गया और निर्देश दिए कि जो फेंसिंग की जाएगी वह पूर्व में की गई मार्किंग के अनुसार ही की जाए। हालांकि कटारिया ने नदी के बदले स्वरूप को देखकर खुशी भी जताई। असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने सोमवार शहर विधायक ताराचंद जैन जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल,

■ **कटारिया ने आयड़ नदी के सौन्दर्यीकरण का जायजा लिया, आयड नदी के बदले स्वरूप को देखकर प्रसन्नता जताई**



**आयड नदी में स्मार्ट सिटी द्वारा करवाए कार्यों का जायजा लेते गुलाबचंद कटारिया, जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल व अन्य अधिकारी।**

स्मार्ट सिटी सीईओ प्रदीप सिंह सांगावत और अन्य अधिकारियों के साथ आयड नदी में स्मार्ट सिटी द्वारा करवाए जा रहे सौन्दर्यीकरण के कामों का जायजा लेने पहुंचे । आयड पुल से आयड नदी में उतरते ही आयड नदी के दूसरे किनारे पर स्मार्ट सिटी द्वारा आयड नदी में बनाई गई दीवार पर नाराजगी जताई। कटारिया ने मकानों की ओर ईशारा करते हुए पूछा कि नदी की सीमा में किए गए कब्जों को क्यों नहीं हटाया। मकानों द्वारा किए गए कब्जों को हटाने के बजाए स्मार्ट सिटी ने नदी पेटे में दीवार बना दी, जिससे इन लोगों के कब्जें स्थाई हो जाएंगे। इस पर एकाएक तो कोई जवाब नहीं दिया और इसके बाद कटारिया ने कहा कि जो फेसिंग हो वह नदी की मार्किंग के अनुसार हो। इस पर जिला अरविंद पोसवाल ने भी कहा कि फेसिंग की जाएगी वह नदी में जो मार्किंग की गई उसके अनुसार की करवाई जाएगी।

इसके बाद कटारिया ने आयड नदी के सौन्दर्यीकरण का जायजा लिया। कटारिया ने आयड नदी के बदले स्वरूप को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। कटारिया ने अधिकारियों से कहा कि एक समय में यह गंदे नाले की तरह थी अब जाकर इसके स्वरूप में बदलाव आया है। साथ ही कहा कि आलोचना करने वालों को एक बार यहां पर लाकर दिखाओ। इसके साथ ही कटारिया ने मौके पर ही आयड नदी पेट में लगाए गए पत्थर की मोटाई भी देखी।

इसक बाद कटारिया ने अधिकारियों से कहा कि नदी में आकर्षक लाईटें भी लगाई जाए। साथ ही कहा कि जहां-जहां पर जगह है वहां पर बच्चों के लिए झूलें भी लगाई जिस पर अधिकारियों ने सहमति दी। इस दौरान कटारिया ने नदी में बनाए गए एनिकट को देखकर निर्देश दिए कि एनिकट पर गेट लगाए जाए ताकी नदी में पानी नजर आए। नदी का निरीक्षण करते समय कटारिया ने कहा कि हर कॉलोनी के वहां पर नदी में प्रवेश के लिए गेट लगाया जाए। कटारिया ने कहा कि पहले तीन सीढी बने और फिर गेट लगाकर फिर से तीन सीढिया बनाई जाए। ताकी कोई भी वाहन लेकर ना आ सके। नदी के सौन्दर्यीकरण के दौरान कटारिया ने अधिकारियों से कहा कि पेड लगाएं जाए ताकी नदी की खूबसुरती बढे। अधिकारियों ने विभिन्न पेडों के नाम सुझाएं तो कटारिया ने सुझाव दिया कि यहां पर पाम के पेड लगाए जाएं जिससे नदी की खुबसूरती बढ़े।

# पिम्स में नवजात की गंभीर बीमारी की सफल सर्जरी



**पिम्स हॉस्पिटल उमरड़ा में नवजात की गंभीर बीमारी की सफल सर्जरी हुई।**

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज़ (पिम्स) उमरडा में गम्भीर बीमरी से पीड़ित एक नवजात की सफलता पूर्वक सर्जरी कर उसे नया जीवन प्रदान किया गया। नवजात बच्चे के खाने की नली में छेद होने की वजह से उसे श्वांस लेने में भी भारी दिक्कत हो रही थी।

पिम्स हॉस्पिटल उमारड़ा के पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. अतुल मिश्रा ने बताया कि सराड़ा निवासी परिजन अन्य अस्पताल से नवजात को लेकर पिम्स में पहुंचे थे। उस दौरान नवजात की नाजुक हालत हो देखते हुए तुरन्त उसकी सभी जाचें की गई और उसे वेंटीलेटर पर लिया गया। सीटी स्केन के बाद यह स्पष्ट हो गया कि बच्चे की खाने की नली में छेद है।जिसका असर बच्चे के दाएं फेफड़े पर आ रहा था। इस कारण फेफड़ा भी पूरी तरह पिचक गया था।सारी स्थितियां स्पष्ट होने के बाद बच्चे की जान बचाना चुनौतिपूर्ण था। बीमारी की गम्भीरता को देखते हुए बच्चे की छाती में नली डाली गई। लेकिन इससे भी कोई खास सफलता नहीं मिलने पर तमाम जोखिमों ओर चुनौतियों के बीच नवजात के ऑपरेशन की निर्णय लिया गया। छाती में किया गया ऑपरेशन सफल रहा और नवजात की जान बच गई। ऑपरेशन के बाद नवजात को गहन चिकित्सा इकाई में डॉक्टरों की कड़ी निगरानी व वेंटीलेटर रखने के बाद बच्चे की हालत में लगातार सुधार हुआ। आज की तारीख में नवजात पूर्णतः स्वस्थ है एवं आराम से दुग्ध पान कर रहा है।संघ चेयरमैन आशीष अग्रवाल ने बताया कि लगभग एक महीने तक भर्ती रहे नवजात का पूरा इलाज चिरंजीवीभामाशाह योजना के तहत निःशुल्क हुआ है।डॉ. मिश्रा ने बताया कि ऐसी परिस्थितियां नवजात बच्चों में समय से पूर्व जन्म लेने से पैदा होती है। जन्म के समय आक्सीजन की कमी,गंभीर हालत के दौरान दिए गए सीपीआर एवं खाने की नली डालने जैसे कई कारणों से हो सकती है।

## शातिर गैंग के चार आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। हाथीपोल थाना पुलिस ने करोड़ों की जमीन को फर्जी गिफ्ट डीड एवं फर्जी मुख्तियारनामा बनाने वाली शातिर गैंग के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 20 मई 2023 को प्रेमशंकर पुत्र धनराज माली निवासी न्यू भूपालपुरा खारांकुआ तहसील गिर्वा उदयपुर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि दिलीप माली पुत्र भंवरलाल माली निवासी रोड़ नं.1 पुरोहितों की मादड़ी, पुष्पा माली पत्नी दिलीप माली पुत्री धनराज माली निवासी रोड़ नं.1 पुरोहितों की मादड़ी, सुरेश पुत्र हरपाल तलरेजा निवासी कन्यूनिटी हॉल के पास शक्तिनगर, होशांक तलरेजा पुत्र सुरेश तलरेजा निवासी कम्यूनिटी हॉल के पास शक्ति नगर, शेरसिंह राठौड़ पुत्र जेठसिंह राठौड़ निवासी राडाजी बावजी मंदिर बेडवास, सुरेन्द्र कुमार सौलंकी पुत्र औंकारलाल खटीक निवासी सुखदेवी नगर बेदला बड़गांव, विकास निमावत पुत्र शंकरलाल निवासी गुलाबेश्वर मार्ग हाथीपोल, संजय कुमार राय पुत्र मांगीलाल निवासी खटीक मोहल्ला चित्तौड़गढ़ हाल उदयपुर, नन्दलाल पुत्र पन्नालाल माली निवासी आयड़ कन्यूनिटी हॉल के पास शक्ति नगर, उप पंजियक प्रथम एवं संबंधित कार्यालय स्टाफ, तहसीलदार गिर्वा, पटवारी राजस्व ग्राम आयड़ पटवार हल्का पुरोहितों की मादड़ी के खिलाफ रिपोर्ट पेश की। मेरे व अन्य सह खातेदारों के संयुक्त स्वामित्व व अधिपत्य की जमीन न्यू भुपालपुरा खारांकुआ, पानी की टंकी के पास है।

# रिसर्च के लिए एडवांस लैब की होगी स्थापना : प्रो. सारंगदेवोत

उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विविकी एकेडमिक काउंसिल एवं रिसर्च बोर्ड की बैठक सोमवार को प्रतापनगर स्थित कुलपति सचिवालय के सभागार में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में नयी शिक्षा नीति के अनुसार बनाये गये नये पाठ्यक्रमों को स्वीकृति दी गई। स्वयम पोर्टल के पाठ्यक्रमों को विवि के पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने, अन्य मूक्स, साइबर सिक्योरिटी के पाठ्यक्रमों को संचालित करने पर विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिए गए। संस्थान के सभी विभागों द्वारा आउटकम बेस्ड एजुकेशन के तहत कोर्स मैपिंग्स व मेंटर-मेंटी सिस्टम का पुनरावलोकन करने पर चर्चा की गई व उनमें आई कठिनाईयों का समाधान बताया गया। बैठक में नए पाठ्यक्रम संचालित करने, कमजोर विद्यार्थियों पर उचित ध्यान, गुणवत्तापूर्ण शोध, अंतर्विषयक शोध को लागू करने पर जोर दिया। कैंटीन व मेस हेतु खाद्य सुरक्षा का अप्रूवल लेने, बेसिक लाइफ सपोर्ट के प्रशिक्षण, एकेडमिक कैलंडर पर भी चर्चा हुई। यूजीसी नियमानुसार वर्ष में दो बार प्रवेश, नवीन सत्र में दीक्षारम्भ, परीक्षा समाप्ति के दस दिवसों में परीक्षा परिणाम की घोषणा, फीस रिफंड पालिसी के नवीनीकरण पर भी निर्णय लिए गए। विवि की नई वेबसाइट के डवलपमेंट का कार्य भी चल रहा है, जिस हेतु सभी विभागाध्यक्षों को डेटा प्रदान करने के निर्देश दिए गए। फिजिक्स, कंप्यूटर विज्ञान, फार्मेसी, केमिस्ट्री व बोटनी में अत्याधुनिक लैब निर्माण हेतु भी निर्णय लिए गए। प्रत्येक विभाग को कम से कम 10 कार्यरत एमओयू करवाने के निर्देश प्रदान किये गए। बैठक में रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. जीवन सिंह खरकवाल, डॉ. शैलेन्द्र मेहता, प्रो. मंजु मांडोत, डॉ. अमिया गोस्वामी, डॉ. अमी राठौड, डॉ. हेमेन्द्र चौधरी, डॉ. भवानीपाल सिंह , डॉ. सुनील चौधरी, डॉ. शिल्पा कठांलिया, डॉ. मनीष श्रीमाली, डॉ. अवनिश नागर, डॉ. लालाराम जाट, डॉ. भारत सिंह, प्रो. एसएस चौधरी, डॉ. सपना श्रीमाली, डॉ. कुल शेखर व्यास, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. निवेदिता, डॉ. अजितारानी, डॉ. भूरालाल श्रीमाली, डॉ. संतोष लाम्बा, डॉ. शाहिद कुरैशी, डॉ. हेमंत साहू, डॉ. चंद्रेश छतलानी, सहित विद्यापीठ के डीन, डायरेक्टर, विभागाध्यक्षों ने भाग लिया।





**काउंसिल एवं रिसर्च बोर्ड की बैठक कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत की अध्यक्षता में हुई।**

## सार-समाचार

### शिविर में 181 यूनिट रक्तदान



उदयपुर, (कासं)। फतह स्कूल के सामने स्थित निरंजनी अखाडा श्री हनुमान मंदिर में ब्रह्मलीन महंत सुरेश गिरी की तृतीय पुण्यतिथि पर श्री बालाजी सेवा समिति एवं पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में 181 यूनिट रक्तदान हुआ।मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद महानगर मंत्री अशोक प्रजापत, अध्यक्षता बजरंग दल जिला संयोजक उदयपुर महानगर ललित लोहार एवं विशिष्ट अतिथि श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना महिला विंग जिला अध्यक्ष कृष्णा राठौर थी। शिविर का शुभारंभ वर्तमान महंत अमरगिरी महाराज ने रक्तदान कर किया। शिविर संयोजक राजेश तिवारी ने बताया कि रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन के लिए रक्तदाता युवा वाहिनी के सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी।

### तनाव मुक्त जीवन के लिए कार्यशाला

उदयपुर, (कासं)। तनाव या स्ट्रेस ही जीवन में हर प्रकार के दोषों अर्थात बीमारियों का कारण हैं और इससे मुक्ति के लिए हम विभिन्न उपाय करते हैं ताकि स्वस्थ बने रहें एवं जीवन तनाव रहित बने। इसी श्रृंखला में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल के नर्सिंगकर्मियों के लिए पीडिलाईट इंडस्ट्रीज के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला समन्वयक डॉ.राहिला घोड्च ने 32 से अधिक प्रतिभागियों को के ऐब्सट्रेक्ट आर्ट की बारीकियों को फेविक्रिल के पेस्टल कलर्स का उपयोग करते हुए समझाया। कार्यशाला का उद्घाटन पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने किया और सभी का हौसला बढाया, पीडिलाईट के इंडस्ट्रीज लि. के राजस्थान राज्य के एएमडीआई गोपाल माथुर ने सभी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में एच. आर. प्रबंधक नवनीत सिंह गौर ने स्वागत करते हुए कहा कि कार्यालय में तनाव मुक्त जीवन के लिए ऐसी कार्यशालाएं नितांत आवश्यक हैं जो दैनिक कार्य के हमें हमारी कल्पना शक्ति को अभिव्यक्त करने और रंगों के माध्यम से उसे प्रदर्शित करने का माध्यम बनती हैं और तनाव के बेहतर प्रबंधन एवं निस्तारण में सहायक होती हैं। प्रतिभागियों ने उत्साह से कार्यशाला में भाग लिया और कहा कि ऐसी कार्यशालाएं और आगे भी आयोजित की जाए तो हमें हमारा काम करने और तनाव रहित जीवन जीने में प्रोत्साहन मिलेगा।

### उपली बड़ी में स्थित होटल बड़ीगढ़ सीज

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर विकास प्राधिकरण ने सोमवार को उपली बड़ी में स्थित बडी गढ़ होटल को सीज कर दिया। फार्म हाउस मालिक द्वारा बिना रूपान्तर निर्माण करवाने पर यह कार्रवाई की गई।प्राप्त जानकारी अनुसार राजस्व ग्राम उपली बड़ी के आराजी संख्या 56 जो फार्म हाउस प्रयोजन के लिए रूपान्तरित भूमि पर फार्म हाउस मालिक द्वारा बिना रूपान्तरण करवाये भूमि के लगभग 70 प्रतिशत भाग पर बड़ी गढ़ होटल का निर्माण कर लिया। निर्माणकर्ता को यूडीए ने होटल बंद करने पाबंद भी किया लेकिन उसकी उसने कोई परवाह नहीं की।निर्देश की अवहेलना करने पर यूडीए आयुक्त राहुल जैन के निर्देश पर तहसीलदार डॉ. अभिनव शर्मा और यूडीए दल सोमवार को उपली बड़ी पहुंचा और बड़ी गढ़ होटल को सीज कर दिया गया। यूडीए ने जहां पर कार्रवाई वह भूमि सज्जनगढ़ वन्यजीव के इको सेन्सेटिव जोन में स्थित है। जिस पर इस प्रकार के निर्माण एवं व्यवसायिक गतिविधि संचालन अनुमत नहीं है। इस क्षेत्र में इको सेन्सेटिव जोन, ग्रीन जोन एवं अन्य सरकारी भूमि पर चल रही अवैध अविधिक व्यवसायिक गतिविधियों को रोकने यूडीए नोटिस जारी कर चुका है। भविष्य में वहां पर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक बाबूलाल तेली, राजेन्द्र सेन, पटवारी हितेन्द्र सिंह तंवर, सूरपाल सिंह, दीपक जोशी आदि यूडीए दल में शामिल थे।

### निश्चय सिंह ड्रैगन बोट टीम में चयन

उदयपुर, (कासं)। लेकसिटी के युवा कायकिंग कैनोइंग खेल के प्रशिक्षक निश्चय सिंह चौहान का चयन भारतीय ड्रैगन बोट टीम में हुआ है। निश्चय सिंह चौहान रशिया (बरनॉल) में 28 से 30 जून तक आयोजित वाली अंतरराष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में भारतीय टीम का हिस्सा रहेंगे। भारतीय ड्रेगन बोट के चेयरपर्सन दिलीप सिंह चौहान और कैनो स्प्रिंट चेयरमैन पियूष कच्छवाहा ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने निश्चय सोमवार को दिल्ली से रवाना हुए। वे भारतीय टीम के 14 खिलाड़ियों की सूची में शामिल है तथा विश्वभर के करीब 1200 से अधिक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। निश्चय विगत 12 वषी से फतहसागर झील पर संचालित संचालित रिजनल कायाकिंग कैनोइंग प्रशिक्षण केंद्र पर बच्चो को प्रशिक्षण देते है तथा इनसे प्रशिक्षित 6 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व कर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में कर चुके है तथा लगभग 80 से ज्यादा खिलाड़ीयो के पास राष्ट्रीय पदक है।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी 27 को

उदयपुर, (कासं)। भूपाल नोबल्स विवि एवं राजस्थान साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में साहित्य मानवीय मूल्य, सामाजिक सरोकार एवं विविध संदर्भ विषय को लेकर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 27 जून को होगी। आयोजन सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय द्वारा किया जा रहा है। हाइब्रिड मोड पर आधारित इस संगोष्ठी में 45 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। संगोष्ठी के मुख्य संरक्षक एवं विवि चेयरपर्सन प्रो. कर्नल शिव सिंह सारंगदेवोत, संरक्षक एवं विवि अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह राठौड, सहसंरक्षक एवं विवि कुलसचिव मोहब्बत सिंह राठौड के अनुसार विस्तृत स्तर पर आयोजित संगोष्ठी अपने आप में बेहद महत्वपूर्ण है। यह सभी विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं एवं पाठकों को वैचारिक मंथन के साथ ही साहित्य एवं समाज में होने वाले परिवर्तन, सामान्य मुद्दों, समस्याओं एवं उसके समाधान की विस्तृत व्याख्या एवं चर्चाओं से उत्पन्न शोध सार को सभी के सामने प्रस्तुत करेगी। संगोष्ठी निदेशक एवं अधिष्ठाता, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय डॉ. शिल्पा राठौड ने बताया कि विभिन्न उद्देश्यों को लेकर आयोजित इस संगोष्ठी में विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे जिसमें हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात आदि राज्यों से प्रतिभागी भाग लेंगे।

### रथयात्रा को लेकर बैठक 29 को

उदयपुर, (कासं)।श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति उदयपुर द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा को भव्यता के साथ विभिन्न समाज एवं संगठनों की सहभागीता के साथ 7 जुलाई को जगदीश चौक से निकली जाएगी जिसमें उदयपुर एवं आसपास के क्षेत्र से हजारों की संख्या में भक्तजन भाग लेंगे। समिति के प्रवक्ता राजेंद्र सेन ने बताया कि समिति के संयोजक दिनेश मकवाना एवं टीम के नेतृत्व में विभिन्न समाज एवं संगठनों के प्रमुखों से मिलने का दौर जारी है तथा रथ यात्रा में शामिल होने वाली झांकियो प्रतिनिधियों को मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है।आगामी 29 जून को साय 5.30 बजे आसींद की हवेली पार्किंग में रथ यात्रा समिति की ओर से रथ यात्रा की भव्यता एवं अनुशासित रूप से निकालने हेतु विभिन्न समाज एवं संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियो की पहली एवं अंतिम बैठक रखी गई है जिसमें सुझाव भी आमंत्रित किए जाएंगे एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। रथ यात्रा हेतु रथ यात्रा मार्ग एवं घरों पर लगाने के लिए 21 हजार ध्वज पताकाएं तैयार होकर आ गई है जिन्हें समाज और संगठनों-आमजन को जगदीश चौक कार्यालय से 26 जून से वितरित किया जाएगा। बैठक में उपस्थित समाजों एवं संगठनों के प्रमुखों को बैठक स्थल पर भी पताकाएं उपलब्ध करवाई जाएगी।

### मंत्री रावत उदयपुर होकर राजसमंद जाएंगे

उदयपुर, (कासं)। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत मंगलवार 25 जून की सुबह 7.25 बजे वायुयान से उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे यहां से सर्किट हाउस आएंगे और कुछ देर सर्किट हाउस रूकने के बाद सुबह 9 बजे राजसमंद के लिए प्रस्थान करेंगे। वे इसी दिन शाम को पुनः उदयपुर पहुंचकर शाम 6.30 बजे वायुयान से जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 29 को

उदयपुर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर तत्परता से कार्य कर रही है। सरकार गठन के अल्प काल में ही प्रदेश में 20 हजार से अधिक युवाओं को राजकीय सेवा में नियुक्त प्रदान की जा चुकी है। अब सरकार इन युवाओं के लिए उत्सव मनाने की तैयारी में है, ताकि प्रदेश के अन्य युवा भी प्रोत्साहित हो सकें। इसी क्रम में राज्य सरकार की ओर से आगामी 29 जून को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव-2024 का आयोजन किया जाएगा। कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा को लेकर कार्मिक विभाग सचिव की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से बैठक हुई। बैठक में कार्मिक विभाग सचिव ने मुख्यमंत्री महोदय की मंशा से अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने अल्प समय में ही 20 हजार से अधिक लोगों को राजकीय सेवा में नियुक्त प्रदान की है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार इन नवनियुक्त कार्मिकों की राजकीय सेवा की शुरूआत उत्सव के तौर पर होगी। इसके लिए 29 जून को राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन टैगोर इंटरनेशनल स्कूल ऑडिटोरियम मानसरोवर जयपुर में होगा। इसमें मुख्यमंत्री 10 चिन्हित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान करेंगे। इसके अलावा प्रत्येक जिला मुख्यालय पर भी जिला स्तरीय कार्यक्रम होंगे। इसमें संबंधित जिले के नवनियुक्त कार्मिक भाग लेंगे। रोजगार विभाग के सचिव पूर्णचंद किशन ने वीसी में बताया कि प्रत्येक जिले को विभागवार नवनियुक्त कार्मिकों की सूची प्रेषित कर दी गई है। विभागीय अधिकारी इन कार्मिकों की रोजगार उत्सव में सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। इन कार्मिकों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए वेलकम किट प्रदान किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री महोदय का संदेश, मोमेंटो, जूट का बैग, पेन-स्लिप पेड तथा कार्मिकों के दायित्व पुस्तिका शामिल रहेगी। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमं०त्री श्री शर्मा जिला स्तर पर चिन्हित कार्मिकों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे।वीसी के पश्चात एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। इसमें कार्यवाहक उपप्रादेशिक रोजगार अधिकारी संकेत मोदी ने बताया कि 29 जून को ही जिलास्तरीय कार्यक्रम नगर निगम परिसर स्थित सुखाड़िया रंगमंच सभागार में प्रस्तावित किया गया है। कार्यक्रम का समय पृथक से तय किया जाएगा। एडीएम श्री राठौड ने विभागवार नवनियुक्त कार्मिकों की सूचियों पर चर्चा की।

### सतत विकास लक्ष्यों पर समीक्षा बैठक

उदयपुर, (कासं)। सतत् विकास लक्ष्यों पर समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन में जिला परिषद सभागार में हुई। बैठक में नवीनतम जारी राजस्थान एसडीजी इंडेक्स 2024 वर्सन 5.0 पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत में संयुक्त निदेशक एवं सदस्य सचिव (एसडीजी) डॉ. पीयूष कुमार भण्डारी ने जिले की रैंकिंग, गोल वाइज तथा इंडिकेटर वाइज प्रगति पर पीपीटी प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने गत वर्ष उदयपुर जिले की रैंकिंग राज्य में 25 वें स्थान से इस वर्ष 12 वें स्थान पर आने पर हर्ष व्यक्त किया। साथ ही, उदयपुर जिले के एसडीजी स्टेटस रिपोर्ट वर्ष 2024 के संस्करण बाबत कुछ विभागों से अपेक्षित सूचनाओं को जल्द प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में एसडीजी के सदस्य विभागों के प्रतिनिधि, मुख्य आयोजना अधिकारी पुनीत शर्मा, सहायक सांख्यिकी अधिकारी लव कुमार पारीक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### समर थिएटर वर्कशॉप सम्पन्न

उदयपुर, (कासं)। शहर के युवाओं को रंगकर्म की बारीकियां एवं अभिनय के गुर सिखाने के लिए सूचना केन्द्र में आयोजित 25 दिवसीय समर थिएटर वर्कशॉप का समापन 25 जून को सूचना केन्द में शाम 6.30 बजे होगा।समापन अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा मोहन राकेश की रचना 'आषाढ का एक दिन' का अभिनीत मंचन किया जाएगा। शहर के उभरते युवा रंगकर्मी शुभम आमेटा एवं जतिन भारवानी वर्कशॉप में युवाओं को प्रोसेस ड्रामा पर आधारित विभिन पहलुओं का प्रशिक्षण दिया। सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के उपनिदेशक गौरीकांत शर्मा ने बताया कि शहर के युवाओं को रंगकर्म से जोड़ने की दिशा में यह अभिनव प्रयास किया गया जिसमें युवाओं ने पूर्ण उत्साह दिखाया। युवा रंगकर्मी जतिन भारवानी ने बताया कि कार्यशाला में क्रिएटिव जेम्स, वॉइस एण्ड स्पीच, बॉडी मूवमेंट, सेल्फ एक्सप्लोरेशन, इम्प्रोवाइजेशन एवं सीन वर्क पर प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

### प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

उदयपुर, (कासं)। जिला स्तरीय राजस्व अधिकारियों की बैठक सोमवार को जिला कलक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल के निर्देशन में एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ अध्यक्षता में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में एडीएम राठौड़ ने उपखण्ड वार राजस्व प्रकरणों की स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने प्रत्येक उपखण्ड एवं तहसील स्तर पर लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, आम रास्ता प्रकरण, पत्थरगढ़ी के मामलों आदि की भी समीक्षा करते हुए उन्हें समय रहते निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर राजीव द्विवेदी, गिर्वा एसडीएम रिया डाबी, प्रशिक्षु आईएएस माधव भारद्वाज,समेत जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार-नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## हादसे में युवती की मौत, परिजन घायल

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर-अहमदाबाद हाइवे पर अनियंत्रित कंटेनर ने कार को चपेट में ले लिया। हादसे में युवती की मौत हो गई तथा उसके परिजन घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सवेरे टीडी की नाल में अहमदाबाद से उदयपुर की तरफ आ रहे अनियंत्रित कंटेनर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में उनावास खमनोर राजसमन्द हॉल अहमदाबाद निवासी डिंपल कुंवर (23) पुत्री भेपालसिंह राजपूत की मौत हो गई तथा उसके पिता भोलासिंह, मां ललिता कुंवर, भाई अजयसिंह घायल हो गए, जिन्हें उचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया। भोलासिंह अहमदाबाद में रहते हुए व्यापार करता है। सवेरे कार से सभी अहमदाबाद जा रहे थे। इस दौरान अहमदाबाद से उदयपुर आ रहा अनियंत्रित कंटेनर डिवाईडर को पार करते हुए कार को चपेट में ले लिया।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**विज्ञापन सूचना**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अजमेर द्वारा उप मण्डल रेल्वे चिकित्सालय, राणा प्रताप नगर, उदयपुर द्वारा श्रेणी (1) औषधियों और श्रेणी (2) सर्जिकल और उपभोज्य वस्तुओं की दैनिक आपूर्ति के लिए विक्रेताओं यानी फर्मो/वितरकों/ केमिस्ट की दुकानों के पैनल के लिए ireps के द्वारा ई-निविदा आवेदन निर्धारित शर्तो पर आमन्त्रित किये जाते है। **कार्य का विवरण एवं अवधि:** उत्तर पश्चिम उप मण्डल रेल्वे चिकित्सालय राणा प्रताप नगर, उदयपुर के लिये (1) औषधियों और (2) सर्जिकल और उपभोज्य वस्तुओं की दैनिक आपूर्ति के लिए स्थानीय विक्रेताओं यानी फर्मों/ वितरकों/केमिस्ट की दुकानों को निर्धारित शर्तो एवं नियमों के अनुसार पंजीकृत करना। (अवधि : 02 वर्ष) कार्यस्थल- उपमंडलीय रेलवे अस्पताल, ठोकर चौराहा के पास, राणा प्रताप नगर, उदयपुर-313001. **कार्य की अवधि:** 02 वर्ष **अनुमानित कुल लागत:** लगभग 32 लाख (16 लाख प्रति वर्ष) **ireps के द्वारा ई निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय:** दिनांक: 24.06.2024 को 13.15 बजे **ireps पर ई निविदा समाप्ति/बंद की तिथि एवं समय:** दिनांक: 17.07.2024 को 15.00 बजे ई-निविदा फॉर्म/दस्तावेज को बोलीदाताओं Bidders) द्वारा वेबसाइट – http://nwr.indianrailways.gov.in और http://www.ireps.gov.in से ऑनलाइन देखा जा सकता है या निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है) **सं.नंबर: एमडी/185/ स्टोर/एलपी/ एसडीआरएच/आरपीजेड/ 2024/1 दिनांक: 24.06.2024** 723-AJ/24

हमें NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-न.पा.फ.स./90-ए/2024-25/ 417 | दिनांक:- 24.06.2024

**-: आम सूचना :-**

राजस्व ग्रामसनवाड के आराजी नम्बर 6981/3195,6748/3194, किता-02, रकबा 0.3077 हैक्टेयर यानि 33108.52 वर्गफीट यानि 3077 वर्गमीटर के राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956की धारा 90-क के तहत आदेश दिनांक 10.02.2024 से जारी किये जाकर आवासीय प्रयोजनार्थ प्लान अनुमोदन किया गया। 90-क के आदेश दिनांक 10.02.2024 के क्रम में उक्त भूमि नगरपालिका के नाम दर्ज हो चुकी है।

उक्त भूमि के खातेदारों द्वारा उक्त वर्णित आराजियात में नीचे सारणी में वर्णित भूखण्ड का आवंटन/पट्टा (समनुदेशित)(Assignee) के हक के प्रोविजनल भू-आवंटन पत्र/ कब्जा पत्र (प्रपत्र द के माध्यम से) से दिये जाने की सहमति प्रकट की है।

| क्र.स. | भूखण्ड | क्षेत्रफल (वर्गफीट) | (समुदेशिति) (Assignee) के अनुसार आंवटी का नाम | मूल खातेदार का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 716 | श्री संतोष प्रजापत पिता श्री मोडी लाल जी निवासी वार्ड नं.10 फतहनगर, तहसील मावली, जिला उदयपुर(राज.) | श्री खेमराज पिता श्री वला जी कालबेलिया निवासी वासनीकला तहसील मावली, जिला उदयपुर(राज.) |

अतःअनुमोदित प्लान के उपरोक्त सारणी अनुसार भूखण्डों का आवंटन/पट्टा मूल खातेदारों द्वारा किए गए नामांकन के आधार पर मूल खातेदारों के स्थान पर(समनुदेशित) (Assignee) के नाम पर करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति/एतराज हो तो इस सूचना का प्रकाशन 07 दिवस में प्रस्तुत कर अन्यथा बाद मयाद गुजरने नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका फतहनगर, सनवाड़**

## सार-समाचार

### आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन



**डूंगरपुर**, (निसं)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने दिए बयान के खिलाफ भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में आदिवासी समाज में ब्लॉक मुख्यालय पर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मदन दिलावर ने बयान दिया था कि जो आदिवासी खुद को हिंदू नहीं मानते हैं उनका डीएनए टेस्ट करके पता लगाएंगे कि वो उनकी बाप की औलाद है या नहीं। इस बयान को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता दशरथ भगोरा ने सभा को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री के इस बयान की हम कडे शब्दों में निंदा करते हैं। आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा को लेकर काम करने के बजाय उन्होंने देशभर के 13 करोड आदिवासियों का अपमान किया हैं। आदिवासी समुदाय में व्यापक आक्रोश हैं, शिक्षा मंत्री जैसे अहम पद पर बैठे व्यक्ति मदन दिलावर अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दे देना चाहिए और पूरे देश के आदिवासियों से माफी मांगनी चाहिए। शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा देने और पूरे देश के आदिवासी समुदाय से माफी मांगने की मांग को लेकर सीमित समय की चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसी क्रम में राजस्थान आदिवासी महासमिति एवं आदिवसी एकता परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कुशालमगरी मोगजी भगोरा प्रदेशाध्यक्ष के सानिध्य में बैठक आहूत हुई। बैठक में राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने गत दिनों जो बयान दिया उसको विवादित बताते हुए दिलावर को आदिवासी समुदाय से माफी मांगने तथा उन्हें पद से तत्काल इस्तिफा दिलाने की मांग की है।

### शहर कोट भूमि पर हो रहा अतिक्रमण

**देवगढ़**, (निसं)। देवगढ़ नगरपालिका क्षेत्र मे कई सार्वजनिक स्थानों पर नगर पालिका की बेशकीमती जमीनों पर भूमाफिया एवं अतिक्रमियों द्वारा अतिक्रमण धड़ल्ले के साथ किया जा रहा हैं जिस पर नगर पालिका प्रशासन मूख दर्शक बनकर देख रहा है एवं देखकर भी अनदेखा किया जा रहा है।देवगढ नगर पालिका क्षेत्र मे हाल ही मे एक ताजा मामला उजागर होकर सामने आया है जिसके अंतर्गत देवगढ नगर में सेठो के नारदे के पास शहर कोट स्थित है जिस पर एक व्यक्ति अपने भूखण्ड पर निर्माण कार्य करवा रहा है जिसमे वह शहर कोट के अनुसार नियमानुसार जगह नही छोड़ते हुए निर्माण कार्य कर रहा है। इस संदर्भ में पीछे के पडोसी गोपाल लाल शर्मा द्वारा 29 मई को नगर पालिका में प्रार्थना पत्र दिया गया था जिस पर 21 दिन निकल जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं होने पर एक बार पुनः 19 जून को दूसरा प्रार्थना पत्र दिया जिस पर भी नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा केवल आश्वाशन दे दिया गया। शर्मा पालिका कर्मचारियों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए बताते है की उक्त कार्य पालिका के कर्मचारीयों की साठ गाठ से हो रहा है।शर्मा ने बताया कि उक्त मामले में उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत निर्माण कार्य करने का स्वीकृति पत्र, नक्शे की प्रतिलिपि मांगी गई जिस पर पालिका द्वारा उन्हें भी उपलब्ध नही करवाया जा रहा है। किसी भी प्रकार से कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने पर शर्मा द्वारा उक्त शिकायत देवगढ उपखंड अधिकारी को करने पर उपखण्ड अधिकारी द्वारा अधिशाषी अधिकारी को दूरभाष पर अतिक्रमी के खिलाफ कार्यवाही करने को कहा गया फिर भी कोई कार्यवाही नही हुई। पूर्व में भी इसी तरह एक वर्ष पूर्व जून माह मेंजैन साधु मार्गी संघ के नाम अवैध निर्माण को रुकवाने के लिए नोटिस जारी किया गया था जिसके ऊपर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से बिल्डिंग का निर्माण हो चूका है। अधिशाषी अधिकारी विजेश मंत्री नगर पालिका देवगढ़ ने बताया कि नोटिस जारी कर दिया गया है निर्माण कार्य को रुकवाया जायेगा

### वन्य जीव प्रेमी ने पकड़े तीन सांप

**राजसमंद**, (निसं)। वन विभाग वन्य जीव प्रेमी पन्नालाल कुमावत ने एक ही दिन में तीन सांप का रैस्क्यू किया है। ग्राम पंचायत बडारडा में शिवम मिनरल फैक्ट्री में एक सांप आया। इस पर वहां पर मौजूद श्रमिकों ने उसकी सूचना वन विभाग वन्य जीव प्राणी पन्नालाल कुमावत को दी। जिस पर कुमावत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर देखा कि प्लास्टिक के कटे के नीचे बॉबी कोबरा प्रजाती का सांप दूबक कर बैठा था। कुमावत ने बताया कि बॉबी कोबरा प्रजाती का सांप बहुत जहरीला होता है। जिसका रैस्क्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड दिया। उसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना पुलिस लाइन के पीछे एक क्वार्टर के अंदर इंडियन प्रैक्टिकल कोबरा सांप बैठे हुए की सूचना मिली। वहां पर अपने दल के साथ पहुंचकर करीब 6 फीट लम्बे कोबरा सांप को पकडकर डिब्बे में बंद किया। जिसे बाद में सुरक्षित जंलग में छोड दिया। वहीं दूसरी ओर कांकरोली में चांदपोल के बाहर गोपाल जमादार के घर में सांप दिखने से परिवारजन डर के मारे वे सदमें में आ गए।

### अंधेरे में डूबा रहा शिवाजी नगर

**डूंगरपुर**, (निसं)। पिछले दो दिनों से दोपहर को बारिश होने के बाद से शिवाजी नगर रामदेव चौक में लाइट बंद हो जाती है, मोहल्ले वासियों के द्वारा शिकायत करने पर भी कोई विभाग का कार्मिक खेर खबर तक लेने नहीं आया तो परेशान होकर क्षेत्र के का युवा वर्ग विद्युत विभाग पहुंचा वहां से व्यक्ति को लेकर आए तब कहीं जाकर रात्रि 12.30 बजे लाइट आई। इस तरह रविवार को भी बारिश के पश्चात लगभग 5 से लाइट चली गई। मोहल्लेवासी गर्मी से तरबतर होते रहे।

# रुन्डेला तालाब में कचरे और गंदगी का ढेर, ग्रामीणों में असंतोष

■ केके गुप्ता ने ग्राम पंचायत तितरडी में किया निरीक्षण



रुन्डेला तालाब कचरे और गंदगी से अटा पड़ा।

**उदयपुर**, (कासं)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार में प्रदेश समन्वयक के के गुप्ता द्वारा ग्राम पंचायत तितरडी में आकस्मिक निरीक्षण किया गया जहां स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में लापरवाही देखी गई।

गुप्ता द्वारा बताया कि ग्राम पंचायत तितरडी के रुन्डेला तालाब एवं ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया गया। रुन्डेला तालाब में चारों तरफ गन्दगी एवं प्लास्टिक फैला हुआ। गोकुल विलेज (ग्राम पंचायत तितरडी) के अन्दर भी चारों तरफ गन्दगी एवं प्लास्टिक फैला हुआ था तथा आमजन कचरा न उठने की शिकायत कर रहा था। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की बैठकों में दिए गये निर्देशों में स्पष्ट है कि कहीं भी खुल्ले में कचरा एवं प्लास्टिक नहीं होना चाहिए तथा तालाब, झीलों में अवरुद्ध नालों को साफ सफाई अतिक्रमणों को अविलम्ब हटाया जाये जिससे तालाब एवं झीलों में पानी भर सके। उपरोक्त तालाब को साफ सफाई का कार्य युडीए की परिधि में आना बताया गया तथा कचरा उठाने का कार्य भी युडीए के द्वारा पिछले पांच वर्षो से उचित राशि प्रदान की जा रही थी ग्राम पंचायत अपने स्तर पर नियमित कचरा एवं सफाई कर रही थी जिससे सभी ग्रामवासी संतुष्ट थे लम्बे समय से कचरा नहीं उठने से आमजन में भारी असंतोष व्याप्त है। जब तक दूसरी व्यवस्था नहीं हो जाती युडीए ग्राम पंचायत को राशि देती रहे तो उचित होगा अन्यथा लम्बे समय तक गन्दगी रहने से बीमारियाँ फैलने की संभावना हो जाती है। निरीक्षण के दौरान मनोहर सिंह उपसरपंच, विकास सहायक विकास अधिकारी तथा गोकुल विलेज के सैकडो लोग उपस्थित रहे।पंचायत समिति गिर्वा के अंतर्गत रोल मॉडल ग्राम पंचायत हेतु ग्राम बलिचा ले रखा है परन्तु बलिचा ग्राम के अन्दर निगम का कचरा यार्ड होने से गन्दगी एवं जानवरों का जमावडा रहता है ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत तितरडी को लेना उचित होगा। तितरडी ग्राम पंचायत में आमजन जागरूक होने के साथ-साथ लोगो में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी है अगर तकनीकी रूप से कोई समस्या आती है तो तितरडी को भी रोल मॉडल में सम्मिलित करना उचित होगा। इस हेतु गुप्ता द्वारा दूरभाष पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी से चर्चा की। तितरडी ग्रामवासियों द्वारा गुप्ता को ज्ञापन सौंपा । जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए गुप्ता ने जनता को यह आश्वासन दिया कि आगामी 3 दिन के अंदर गांव के तालाब की गंदगी साफ कर दी जाएगी।

# लापता युवक का नोंचा हुआ जंगल में मिला कंकाल

■ परिजनों ने वन विभाग को पैंथर द्वारा शिकार करने की दी थी शिकायत

**राजसमंद**, (निसं)। घर से लापता युवक का शव गांव के ही बीड में क्षत विक्षत हालत में पडा मिला। पुलिस ने शव को आरके जिला अस्पतालत के मोर्चरी में रखवा दिया।

परिजन व ग्रामीण बोले कि पैंथर ने युवक का शिकार किया। सूचना पर पुलिस के साथ वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। शव का पोस्टमार्टम करवाया और डीएनए जांच के लिए सैंपल संग्रहित किए गए। प्रथम दृष्टया पैंथर के हमले से ही युवक की मौत होना सामने आ रहा है। पोस्टमार्टम के बाद युवक के शव की पैतृक गांव बोरज में अंतेष्टी कर दी गई। राजनगर थाना प्रभारी योगेश चौहान ने बताया कि भीलो का खेत, बोरज निवासी राधेश्याम (19) पुत्र केसुलाल भील 18 जून 2023 को घर से लापता हो गया। परिजन व ग्रामीणों ने काफी तलाश की, मगर पता नहीं चल पाया। इस पर परिजनों ने 22 जून को राजनगर पुलिस थाने में राधेश्याम भील के लापता होने की रिपोर्ट दी। उसके बाद पुलिस व परिजनों द्वारा संयुक्त रूप से तलाश की जा रही थी। इस बीच 23 जून शाम को बोरज पंचायत के भील का खेत के पास ही बीड में डूंग की नाल में क्षत विक्षत शव मिला, जहां पर राधेश्याम का शर्ट व चप्पल मिले। सूचना पर राजनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और परिजनों को भी बुला लिया गया। एक हाथ, धड व क्षत विक्षत हालत में शव व कंकाल का ढांचा मिला। पुलिस ने शव को आरके जिला चिकित्सालय के मोर्चरी में रखवा दिया। इस पर सोमवार सुबह ही परिजनों के साथ ग्रामीण जिला अस्पताल के मोर्चरी में एकत्रित हो गए और ग्रामीणों का कहना था कि राधेश्याम की मौत पैंथर के हमले से हुई। उसके बाद वन विभाग की टीम ने घटना स्थल का मुआयना करने के बाद ग्रामीणों से समझाइश के प्रयास किए। साथ ही शव की डीएनए जांच भी करवाई जा रही है, जिससे स्थिति स्पष्ट हो सके कि आखिर राधेश्याम की मौत कैसे हुई है। वन विभाग ने भी प्रथम दृष्टया पैंथर के हमले से मौत होना माना है, मगर पुष्टि नहीं की। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और डीएनए जांच रिपोर्ट से ही साफ हो पाएगा। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अगर पोस्टमार्टम में हिंसक जानवर की वजह से मौत स्पष्ट हो जाएगी, तो वन विभाग द्वारा युवक के परिजनों को 5 लाख रुपए का मुआवजा दे दिया जाएगा।

## भाजपा लगाएगी पेड़ : बाहरठ

**राजसमंद**,(निसं)। प्रदेश नेतृव द्वारा हर शक्ति केंद्र पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत राजसमन्द भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ के नेतृव में जिले के 123 शक्ति केंद्र पर भाजपा एक-एक पेड लगाएगी।

जिला मीडिया संयोजक नर्बदा शंकर पालीवाल ने बताया कि जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से लेकर जयंती तक सिलसिला चलेगा। जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने जीवन को राष्ट्र के प्रति समर्पित कर दिया था कश्मीर को लेकर डॉ मुखर्जी ने नारा दिया था कि एक देश मे दो निशान दो विधान ओर दो प्रधान नही चलेंगे इस नारे को 70 साल बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने 70 मिनिट में पूरा करते हुए कश्मीर से धारा 370 ओर 35 ए हटाने का ऐतिहासिक काम किया। भाजपा डॉ मुखर्जी के बलिदान दिवस से लेकर जंयती तक जिले के सभी शक्ति केंद्र पर अभियान में पेड़ लगाएगी।

## जिलाध्यक्ष का स्वागत

**बांसवाड़ा**, (निसं)।अखिल राजस्थान अनुसूचित जाति व जनजाति छात्रसंघ जिला शाखा की ओर से श्री गोविंद गुरु राज. महा. में छात्र संघ पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कांतिलाल निनामा का स्वागत किया। जिसमें संभागीय अध्यक्ष मनोहर खडिया व जिलाध्यक्ष कांतिलाल निनामा व संगठन के पदाधिकारियों ने गोविंद गुरु प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। छात्र संघ पदाधिकारी एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में विनोद निनामा, निकेश चरपोटा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा मंत्री के बयान के विरोध में प्रदर्शन

**डूंगरपुर**, (निसं)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के डीएनए टेस्ट वाले बयानों पर सोमवार को भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के सामने जमकर नारेबाजी की और शिक्षा मंत्री को पद से हटाने की मांग की।

भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा के बैनर तले बीएपी से जुडे पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के सामने इकट्ठे हुए। कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने कहां कि सरकार के एक बडे मंत्री ने आदिवासियों के डीएनए टेस्ट की बात कर आदिवासियों का अपमान किया है। शिक्षा मंत्री अपने बयानों को लेकर माफी मांगे। नहीं तो पूरे प्रदेश में भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा और भारत आदिवासी पार्टी की ओर से आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज सभी धर्म को मानता है। वह किसी एक धर्म से जुडा हुआ नहीं है।

आदिवासी नेता कांतिलाल रोत ने कहा कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा दिए गए बयान से आदिवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। हमारा समुदाय धर्मपूर्वी है, जो प्राचीन काल से हमारी स्वयं की संस्कृति,परम्परा और बोली है, जो अन्य धर्मों से हमें अलग करती है। संविधान के आर्टिकल 342 की परिभाषा के अनुसार शेड्यूल ट्राइब की विशिष्ट पहचान,परम्परा बोली के बारे बताया गया है। आदिवासी किसी धर्म के भाग नहीं हैं, बल्कि हम प्रकृति पूजक हैं। उन्होंने प्रदेश के शिक्षा मंत्री द्वारा आदिवासियों के सम्बन्ध में दिए गए इस बयान पर विरोध जताया है। उन्होंने कहां कि शिक्षा मंत्री को आदिवासियों के संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी नहीं है और न ही वे आदिवासियों की संस्कृति से परिचित हैं। उन्होंने इस तरह के बयान देकर आदिवासियों की आस्था और पहचान को ठेस पहुंचाई है।

## सार-समाचार

### गैंग के दो और आरोपी गिरफ्तार



**डूंगरपुर**, (निसं)। साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग के 2 और शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने डूंगरपुर निवासी एक युवक से टेलीग्राम मैसेंजर ऐप से टिकिट बुकिंग टास्क पूरा करने पर बडा मुनाफा कमाने के नाम पर 16 लाख 85 हजार 713 रुपए की ठगी की वारदात की थी। मामले में पुलिस दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। साइबर थानाधिकारी ने बताया कि माल निवासी विशाल पुत्र गजानंद मेहता ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 21 मार्च को उसके टेलीग्राम मैसेंजर ऐप से टिकिट बुकिंग का टास्क पूरा करने पर बडा मुनाफा कमाने के नाम पर ठगी की। ठग ने 16 लाख 85 हजार 713 रुपए की ऑनलाइन ठगी की गई थी। साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की। पुलिस ने बदमाशों के फ्रॉड से जुडे बैंक डिटेल खंगाले, जिससे बदमाशों की कडिया जुडती है और कई नई जानकारियां मिली। इस दौरान साइबर पुलिस ने 15 जून को गुजरात के बडौदा निवासी खाताधारक मोहम्मद उमेर खान पठान पुत्र राशिद खान पठान को गिरफ्तार किया था। वहींए जांच में सामने आया की विशाल से ठगी गई राशि में से 4 लाख की राशि अहमदाबाद निवासी केतन के खाते में गई थी उसे भी साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। साइबर पुलिस की जांच में सामने आया की केतन ने अपना खाता कुनाल नाम के व्यक्ति को 5० हजार में बेचने और कुनाल द्वारा केतन का खाता अहमदाबाद निवासी हिम्मतसिंह को एक लाख में बेचा है। वहीं, हिम्मतसिंह ने यही खाता आबुरोड सिरोही निवासी कुलदीप सिंह को 2 लाख में बेच दिया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी हिम्मतसिंह व कुलदीप सिंह को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। पुलिस फरार चल रहे अहमदाबाद निवासी कुनाल, सिरोही निवासी अमित और बडौदा निवासी मुबीन की तलाश कर रही है।

### प्रयोगशाला का निरीक्षण

**बांसवाड़ा**, (निसं)। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के पवन ने कार्यालय कनिष्ठ रसायनज्ञ, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. पवन ने जल जीवन मिशन के तहत जांच किए गए जल के नमूनों की ऑनलाइन रिपोर्ट देखने की प्रक्रिया की जानकारी ली एवं संभाग के तीनों जिला कलक्टर और जिला परिषद कार्यकारी अधिकारियो को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की प्रयोगशाला द्वारा जांच किए गए पेयजल नमुनो की, ग्राम पंचायत एवं ग्राम स्तर तक की रिपोर्ट, ऑनलाइन प्रक्रिया से देखी जा सकती है जिसके लिए अपनायी जा रही ऑनलाइन प्रक्रिया से तीनों जिला कलेक्टर और जिला कार्यकारी अधिकारियों को अवगत होने के लिये निर्देश दिए।संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के. पवन ने वीडियो संदेश जारी कर जिले में अतिक्रमण के खिलाफ मुहिम की सफलता और अब तक की गयी कार्यवाही की सफलता से आमजन को अवगत करवाया। अतिक्रमण के विरुद्ध संभागीय आयुक्त डॉ. पवन ने अब तक किये गए कार्यों का विवरण देते हुए बताया कि दानपुर में अतिक्रमण हटाकर उनके जगह पर जल निकासी के लिये नालियों का आधा कार्य पूर्ण हो चुका है। छोटी सरवन में अतिक्रमण हटाने का कार्य प्रगति पर है तथा सीवरेज पाईप का कार्य प्रगति पर है वहीं आंबापुरा में अतिक्रमण हटाने का आधा कार्य पूर्ण हो चुका है एवं बाकी कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि घाटोल में तहसील जाने वाले मार्ग पर पुनः अतिक्रमण हुआ है जिस पर पुनः नोटिस जारी कर दिया गया है।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर बैठक

**कपासन**, (निसं)। मेवाड क्षेत्र के परम तपस्वी तेजस्वी वयोवृद्ध महन्त श्री चेतनदासजी महाराज द्वारा स्थापित सावलिया धाम आश्रम, मुगाणा (कपासन) में आगामी 21 जुलाई को आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा महोत्सव की पूर्व तैयारियों को लेकर मन्दिर परिसर में सावलिया धाम आश्रम एवं स्थानीय प्रबुद्धजनो की बैठक सम्पन्न हुई जिसमे आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में विचार-विमर्श किया गया। आश्रम के उत्तराधिकारी सन्त श्री अनुजदासजी महाराज एवं सन्त श्री रामपालजी महाराज ने बैठक के प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में अवगत कराया तथा वांछित सुविधाओं के प्रबन्धन के बारे में चर्चा की। बैठक में विभिन्न दायित्वों के निर्वहन के लिए पृथक पृथक कमेटियों का निर्माण किया गया तथा 19 जुलाई से प्रारम्भ होने वाले त्रिदिवसीय अनुष्ठान को हर्षोल्लास से मनाये जाने की अपील की। लगभग पचास वर्षों से सतत आयोजित होते आ रहे इस उत्सव मे प्रतिवर्ष सम्पूर्ण मेवाड व मालवा क्षेत्र तथा गुजरात से श्रद्धालुजन एकत्रित होकर इस पुण्यकर्म के सहभागी बनते है । श्री अनुजदासजी महाराज ने बताया कि 19 जुलाई को आश्रम परिसर में संचालित चेतन-वेदगुरुकुलम् में नव-प्रविष्ठ विद्यार्थियों का यज्ञोपवित संस्कार सम्पन्न होगा। 20 जुलाई को प्रात नगर में हरिबोल प्रभात फेरी के साथ जन-जागरण होगा तथा प्रातः आठ बजे आगन्तुक सन्त विशाल शोभा यात्रा के साथ नगर भ्रमण करेंगे।

# अंबेरी में बटरफ्लाई पार्क, चिल्ड्रन एडवेंचर जोन व इको टूरिज्म एडवेंचर जोन शुरू

■ उबेश्वरजी में जल संरक्षण संरचनाओं का शिलान्यास



उदयपुर के अंबेरी में बटरफ्लाई पार्क, चिल्ड्रन एडवेंचर जोन, ईको टूयूरिज्म एडवेंचर जोन के शुभारंभ करते असम राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया।

**उदयपुर**, (कासं)। विश्व पटल पर पर्यटन के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान रखने वाले उदयपुर शहर के लिए सोमवार का दिन सौगातों भरा रहा। लेकसिटी को वन विभाग की ओर से सोमवार को विभिन्न विकास कार्यों व नवाचारों की सौगात मिली।

असम के राज्यपाल माननीय गुलाबचंद कटारिया एवं वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा ने शहर में बटरफ्लाई पार्क, चिल्ड्रन एडवेंचर जोन, ईको टूयूरिज्म एडवेंचर जोन, लवकुश वाटिका का उद्घाटन एवं उबेश्वर महादेव में जल संरक्षण संरचनाएं, होल्डिंग एरिया तथा सज्जनगढ़ में लॉयन सफारी का शिलान्यास किया। अंत में ईको ट्यूरिज्म स्थल उबेश्वर जी में डीएमएफटी मद से 477.48 लाख रूपए की लागत से तैयार जल संरचनाओं का लोकार्पण किया। इसके तहत उबेश्वरजी महादेव स्थित प्रमुख प्राकृतिक नाले को ड्रेनेज लाइन ट्रीटमेंट के आधार पर उपचारित कर जल संरचनाएं निर्मित की गई हैं, ताकि वर्षा जल को संरक्षित किया जा सके। असम के राज्यपाल कटारिया एवं वन मंत्री शर्मा ने सर्वप्रथम दूध तलाई के समीप नवनिर्मित लवकुश वाटिका का लोकार्पण किया। इसके पश्चात अतिथि अंबेरी पहुंचे। वहां उन्होंने नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर के वित्तीय सहयोग से 50 लाख रूपए की लागत से तैयार बटरफ्लाई पार्क का लोकार्पण किया। अंबेरी में ही युडीए मद से 25 लाख रूपए की लागत से तैयार चिल्ड्रन एडवेंचर जोन का भी लोकार्पण किया। यहां बच्चों के लिए पर्यावरण अनुकूल साहसिक गतिविधियां एवं झूले इत्यादि की स्थापना की गई है। इसी क्रम में वनखण्ड गमधर में युडीए मद से 48 लाख रूपए की लागत से तैयार ईको-ट्यूरिज्म एडवेंचर जोन का भी लोकार्पण किया। इसमें स्काई साइकिलिंग, वॉल क्लाईबिंग, ग्रेन्ट स्विंग आदि स्थापित किए गए हैं। अतिथियों ने सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में प्रदेश की दूसरी लॉयन सफारी की आधारशिला भी रखी। लॉयन सफारी बनने के बाद उदयपुर में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

अंबेरी में बटरफ्लाई पार्क, चिल्ड्रन एडवेंचर जोन, ईको टूयूरिज्म एडवेंचर जोन के शुभारंभ पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि हमारे पुरखों ने उदयपुर को जहां बसाया वास्तव में बहुत अच्छी जगह है। चारों तरफ पहाड़ियां है, खुबसूरत झीलें हैं और नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण वातावरण, यह सब पुरखों की देन है।उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि आज हमें इन सौगातों को शुरू करने का अवसर मिला। कटारिया ने उदयपुर के विकास को गति प्रदान करने के लिए सतत प्रयासरत जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल के प्रयासों की सराहना की और डीएमएफटी मद से 208 करोड़ रुपए की त्वरित स्वीकृतियां जारी करने की जानकारी देते हुए कहा कि इससे उदयपुर के विकास को एक नई दिशा मिलेगी। कटारिया ने कहा कि सरकार एवं स्थानीय प्रशासन के स्तर पर उदयपुर का चहुंमुखी विकास हुआ है। कटारिया ने कहा कि जो विकास कार्यों की सौगात आज उदयपुरवासियों को मिली है। उनका सदुपयोग एवं उन्हें मेनटेन रखना हम सभी का दायित्व है।

मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि पर्यटन के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले उदयपुर को वन विभाग के तत्वावधान में कई सौगातें देने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि नैसर्गिक दृष्टि से समृद्ध उदयपुर में वन विभाग द्वारा विकसित किए गए यह स्थान आगामी दिनों में उदयपुर को और अधिक गौरव प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि उदयपुर में वन विकास के साथ यहां के चहुंमुखी विकास के लिए गुलाबचंद कटारिया के प्रयास अनुकरणीय है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं वन विभाग की पूरी टीम का भी आभार जताया। इस अवसर पर उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल, एसपी योगेश गोयल, मुख्य वन संरक्षक एस.आर.वी मूर्थी, सभागीय मुख्य वन संरक्षक सुनील चिद्री, उप प्रमुख पुष्कर तेली आदि मौजूद रहे।

# कल्लाजी धाम व भैरव मंदिर परिसर में पौधारोपण



कल्लाजी धाम व भैरव मंदिर परिसर में पौधारोपण करते विप्र फाउंडेशन ग्राम इकाई आसोडा के पदाधिकारी।

**बांसवाड़ा**, (निसं)। विप्र फाउंडेशन ग्राम इकाई आसोडा तहसील गढी की ओर से कल्लाजी धाम एवं भैरव मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया। अशोक, जामुन, आंवला सहित अनेक प्रजाति के पौधे बंद परकोटे में लगा कर संरक्षण का संकल्प लिया गया। पौधरोपण के बाद हुई बैठक की अध्यक्षता गिरिजाशंकर पंड्या ने की जबकि मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन प्रदेश महामंत्री योगेश जोशी, विशिष्ठ अतिथि प्रदेश सचिव नवनीत त्रिवेदी तलवाडा, जिला महामंत्री शशिकुमार शर्मा, विनोद उपाध्याय रोहिडा तथा रोहिडा इकाई अध्यक्ष भूपेश उपाध्याय रहे। बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम इकाई का पुनर्गठन किया जिसमे संजय पंड्या को इकाई अध्यक्ष चुना गया। जयप्रकाश पंड्या का नाम संरक्षक, गिरिजशंकर पंड्या जिला पधाधिकारी, महेंद्र पंड्या तहसील पदाधिकारी, हिमेश उपाध्याय युवा प्रकोष्ठ तहसील पदाधिकारी, शैलेश पंड्या, उपेंद्र पंड्या जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चयनित किया गया। इस अवसर पर ईश्वर माली, दिनेश माली, जयदीप उपाध्याय, प्रवीण चंद्र पंड्या, नारायण लाल तेली, राजेंद्र पंड्या, नानू दर्जी, भरत पाटीदार, नरेंद्र पंड्या सहित अनेक ग्राम वासी मौजूद रहे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में सनातन समाज की ग्राम स्तर पर बैठक बुला कर गांव में 500 से अधिक पौधे लगाए जायेगे। अतिथियों का स्वागत जयप्रकाश पंड्या ने किया जबकि आभार नव चयनित इकाई अध्यक्ष संजय पंड्या ने माना।

